## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर का पंचकल्याणक संपन्न

**करनाल।** एसएस जैन सभा, हनुमान गली में पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन भगवान महावीर के पंचकल्याणक का भव्य मंचन किया गया। गर्भ कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याण तक की धार्मिक झांकियों और प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर साध्वी प्रवर्तनी डॉ. सरिता जी महाराज, शुभा महाराज, उदिता महाराज और ऊषा महाराज ने पर्यूषण पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि "यह पर्व आत्मकल्याण और संयम का मार्ग दिखाता है।

### आईटीआई की खाली सीटों पर 30 तक मौका

**करनाल।** जिले के युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। वंडर वैली आईटीआई बड़ा गांव के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले की सरकारी व निजी आईटीआई संस्थाओं में 1372 सीटें अभी भी खाली हैं। विद्यार्थियों को अब 30 अगस्त तक दाखिले का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले की 10 सरकारी आईटीआई में 927 सीटें और प्राइवेट आईटीआई में 445 सीटें खाली पड़ी हैं। निदेशालय ने प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त तक कर दी है।

### करुणामयी दृष्टि में होते हैं ईश्वर के साक्षात दर्शन

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 24 अगस्त को श्री शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साध्वी रबिया भारती जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्य केवल सामाजिक गुण नहीं, बल्कि ऐसे दर्पण हैं जिनमें ईश्वर के साक्षात दर्शन होते हैं।

### निफ़ा चेयरमैन को मिलेगा अमेरिका का "केंटकी कर्नल" सम्मान

**करनाल।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफ़ा) के लिए गर्व का क्षण है। संस्था के चेयरमैन डॉ. प्रितपाल सिंह पन्नू को अमेरिका के कॉमनवेल्थ ऑफ केंटकी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "केंटकी कर्नल" प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान केंटकी के गवर्नर द्वारा दिया जाता है और विश्वभर में समाजसेवा व मानवता के लिए असाधारण योगदान करने वालों को ही प्राप्त होता है। डॉ. पन्नू को यह सम्मान उनके दशकों से जारी सामाजिक उत्थान, संस्कृति संरक्षण, युवाओं के सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में किए गए योगदान के लिए दिया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने विश्व पटल पर बढ़ाया देश का गौरव

**करनाल।** भाजपा जिला शहरी मंडल की कार्यकारिणी बैठक आज गांधी चौक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा उपस्थित रहे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सात वर्षों में कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए देश को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने 12 करोड़ शौचालय निर्माण और 11 करोड़ घरों में नल से जल जैसी योजनाओं का उल्लेख किया।

### शिविर मे 125 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

# राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति पर लगाया रक्तदान शिविर

मानवता की सेवा के लिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए



इंद्री। देवी मंदिर इंद्री मे लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में देवी मंदिर इंद्री के प्रांगण में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ब्रह्माकुमारी सेंटर इंद्री, निफा व समाज सेवा प्रभार के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया । इस अवसर पर 125 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । इस मौके पर राजयोगिनी बीके ममता दीदी ने बताया कि रक्तदान महादान है। मानवता की सेवा के लिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई और धर्म नहीं है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद को जीवन देता है बल्कि समाज में करुणा और सहयोग की भावना को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि दादी जी प्रकाशमणि ने अपना सम्पूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को सच्चाई और सेवा के मार्ग के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह रक्तदान अभियान केवल इंद्री तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारतवर्ष और नेपाल के प्रत्येक ब्रह्माकुमारी केंद्र के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य 1500 रक्तदान शिविर व एक लाख से अधिक रक्त यूनिट एकत्रित करना है। इस अवसर पर निफा के आजीवन सदस्य डॉ. सुरेंद्र दत्त शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा में आगे आना चाहिए।

#### रक्तदान सबसे बड़े पुण्य का कार्य

रक्तदान ऐसा पुण्य कार्य है जो न केवल किसी का जीवन बचाता है, बल्कि स्वयं में आत्म संतोष और ऊर्जा देता है। हर युवा को जीवन में कम-से-कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। कार्यक्रम में बी.के. किरण दीदी, बी.के. ममता दीदी, बीके आंचल दीदी, बीके गीता दीदी, इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम, नपा चेयरमैन राकेश कुमार, भाई समय सिंह, जय प्रकाश बंसल, सुमित, सुरेश, यशपाल, अमित, कमल, सचिन, अंकित, राहुल, हन्नी खुराना,आरती व कमलेश आदि सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहें ।



इंद्री। शहर में सुख शांति के लिए हवन यज्ञ करते कस्बा वासी। *फोटो: हरिभूमि*

## सुख समृद्धि व शांति के लिए नगर खेड़े पर किया हवन

**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा ग्राम देवता खेड़े पर शहर की सुख समृद्धि व शांति के लिए हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर सुधार सभा के प्रधान पवन सिंगला ने की । आचार्य मोहित शर्मा ने ग्राम देवता की पूजा अर्चना व हवन यज्ञ करवाया और शहर में दूध की नाल दी गई । इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । मंदिर सुधार सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि कस्बे में सुख शांति व आपसी भाईचारा रखने के लिए हर वर्ष ग्राम देवता पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि कस्बे में सुख शांति व आपसी प्यार बना रहे । उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है जिसको पूरा समाज मिल कर मनाता है। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें शहरवासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मंदिर सुधार सभा सदस्यों व कस्बा वासियों का योगदान रहा ।



तरावड़ी। धर्मशाला मे बैठक मे भाग लेते प्रधान रमेश गुप्ता व अन्य अग्रबंधु।

## अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर हुई बैठक

- 22 सितंबर सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

अग्रवाल सभा की ओर रविवार को एक आम बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने की। इस बैठक मे महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह मनाने हेतु सभा के सभी सदस्यों से विचार विर्मश किया गया। सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने बताया कि 22 सितंबर दिन सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस दिन हनुमान मन्दिर मेन बाजार से महाराजा अग्रसैन जी व राजकुमारों की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। यह शोभा यात्रा मन्दिर से चलकर मेन बाजार, करनाली गेट से होते हुये एक पैलेस मे संपन्न होगी। इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिये सदस्यों की डयूटियां लगाई है। इस बैठक मे आज चार गणमान्य लोगों को सभा के संरक्षक बनाने के नामों घोषणा की गई। इनमे विनोद गोयल, लाला साधु राम सिंगला, लाला कृष्ण चन्द सिंगला, रोशन लाल गुप्ता अब सभा के संरक्षक होगे। अब सभा के लाला सतपाल गुप्ता सहित कुल पांच संरक्षक होगे। इस अवसर पर लाला साधु राम सिंगला, कृष्ण गोयल, देवेन्द्र सिंगला, रोशन लाल गुप्ता, रमेश गोयल, लाला घनश्याम दास, सुशील सिंगला, संजय बंसल, शीशपाल गुप्ता, प्रवीण गर्ग, मोहन गर्ग, विमल गोयल, रूशिल गुप्ता, कमलेश गुप्ता, यशपाल सिंगला, राजेश गुप्ता, विजय सिंगला, राकेश सिंगला, सचिन सिंगला, सुभाष मित्तल,जय कुमार, सिंगला, सुशील कुमार, विकास गोयल, परवीन गुप्ता, नितेश मंगला, राजेश गर्ग, और अन्य अग्र बंधु व महिला प्रधान रेणु सिंगला काफी संख्या में अग्रवाल महिलाएं भी उपस्थित रही।

## प्रशासन की स्वच्छता को लेकर बैठक

- हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान: करनाल में निगमायुक्त ने बनाई विशेष रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 की रूपरेखा को लेकर रविवार को नगर निगम कार्यालय में अहम बैठक हुई। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई अधिकारियों, कर्मचारियों और दरोगाओं को 11 सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान की योजना विस्तार से समझाई। अभियान की थीम "हर मोहल्ला, हरी गली, हर मकान – स्वच्छ हरियाणा की पहचान" रखी गई है। इस दौरान स्वच्छता संकल्प, हरा-भरा हरियाणा, जल निकायों की सफाई, स्वच्छ बाजार अभियान, सफाई मित्र सम्मान और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र जैसे कार्यक्रम होंगे। निगमायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी विभाग, कार्यालय, संस्थान और बैंक भी इसमें हिस्सा लें और अपने-अपने कार्यालयों को जीरो वेस्ट कार्यालय घोषित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नुक्कड़ नाटक, मास्कॉट, और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता से जोड़ा जाए। दरोगाओं को अपनी बीट को मॉडल बीट बनाने और रोजाना सफाई गतिविधियों का रिकार्ड रखने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि अभियान में बेहतरीन कार्य करने वाले दरोगाओं को सम्मानित किया जाएगा। निगमायुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि प्रतियोगिता उच्च स्तर की है और करनाल को इस बार नंबर वन पर लाने के लिए मेहनत और लगन से काम करना होगा।

## वोटर लिस्ट मुद्दे को हर जिले में जाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युथ कांग्रेस की टीमें हर जिले में जाकर वोटर लिस्ट की जांच करेंगी। जहां कहीं भी गड़बड़ी पाई जाएगी, वहां से सबूत इकट्ठा कर मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा को सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद वोट है और जब वोट ही चोरी हो जाए तो लोकतंत्र पर सबसे बड़ा खतरा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने करनाल के आरटीआई एक्टिविस्ट ओमप्रकाश कटारिया के आरोपों का पलटवार किया। ओमप्रकाश कटारिया ने निशित कटारिया और उनके परिवार पर फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगाया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निशित कटारिया ने कहा कि ओमप्रकाश सिर्फ सस्ती लोकप्रियता चाहते हैं और बिना सबूत आरोप लगाकर सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। निशित कटारिया ने कहा कि ओमप्रकाश उनके ही गांव के रहने वाले हैं और उनके पिता से उनकी पुरानी रंजिश है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ओमप्रकाश पर हत्या (302) के मामले में सजा हो चुकी है और उनके खिलाफ दुष्कर्म (376) व अन्य कई मुकदमें लंबित हैं। ऐसे व्यक्ति के आरोपों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

#### 38 एफआईआर का दावा

कटारिया ने कहा कि ओमप्रकाश बार-बार दावा करते हैं कि उन पर 38 एफआईआर दर्ज हैं और उनमें 32 हजार वोट चोरी के मामले जुड़े हैं। लेकिन वे एक भी एफआईआर का सबूत नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी चुनाव आयोग की रिपोर्ट में यह साबित हो जाए कि वोट चोरी हुई है और उसमें निशित कटारिया शामिल हैं तो वे राजनीति छोड़ देंगे।

#### राहुल गांधी ने उठाया वोट चोरी का मुद्दा

कटारिया ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी के मुद्दे को उठा रहे हैं। वे इन दिनों बिहार यात्रा पर हैं और लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट मांगी थी, लेकिन आयोग ने उपलब्ध नहीं कराई। कटारिया ने कहा कि जब वोटर लिस्ट जैसी बुनियादी जानकारी भी जनता को नहीं दी जा रही, तो यह चुनावी प्रक्रिया पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

#### राजनीति में संघर्ष की कहानी सुनाई

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि 2021 में उन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया था। उस दौरान उन्होंने सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाया। इसी मेहनत और संघर्ष के कारण उन्हें हाईकमान ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया। उन्होंने साफ कहा कि वे लोकतंत्र और सच्चाई की लड़ाई लड़ते रहेंगे और विपक्ष के झूठे आरोपों से डरने वाले नहीं हैं।

#### करनाल में हुआ जोरदार प्रदर्शन

हरियाणा युथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे पर करनाल में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत महात्मा गांधी चौक से हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जुलूस के रूप में भीमराव अंबेडकर चौक पहुंचे और वहीं प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## विकसित राष्ट्र के लिए ईमानदारी से करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

विधानसभा के बसताड़ा गांव के एक निजी कॉलेज सभागार में देर रात शनिवार को भाजपा मधुबन मण्डल की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई।मण्डल कार्यकारिणी की इस संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण,पिछड़ा वर्ग की पूर्व चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल,मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, मण्डल प्रभारी उषा पांचाल, अजय राणा का मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर व भारत माता के चित्र पर फूल चढ़ा कर की गई। इस संगठनात्मक बैठक में भाजपा के इतिहास विकास, संगठनात्मक विस्तार एवं बूथ पर होने वाले कार्यक्रम, प्रदेश व केंद्र पंच परिवर्तन पर चर्चा हुई। सरकार की योजनाएं सेवा पखवाडा एवं राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह ने मन की बात विषय पर बोलते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3अक्टूबर 2014 से रेडियो व टीवी पर मन की बात कार्यक्रम शुरू किया।हरियाणा व करनाल जिला के लिए गोरव की बात है कि हरियाणा के सभी 20631 बूथों पर मन की बात को सुना गया।सभी कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि हमें इस मन की बात कार्यक्रम में आम जन को जोड़ना पड़ेगा।ये कार्यक्रम देश हित मे न कि किसी पार्टी का कार्यक्रम। मण्डल प्रभारी उषा पांचाल ने मण्डल का वृत लिया और शत प्रतिशत शक्ति केन्दों की उपस्थिति पर बधाई भी दी। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने भाजपा का इतिहास विषय,संगठनात्मक विस्तार एवं बूथ पर होने वाले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ठोस व मजबूत निर्णय लेकर देश के गौरव को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए ईमानदारी से कर्त्तव्य निर्वहन का आह्वान किया। बैठक में जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मीडिया प्रभारी संदीप लोहट, सैनी, मंजीत वशिष्ठ, राजबाला, विक्रम वाल्मीकि, प्रवेश चौहान रहे।

#### संगठन की मजबूती को लेकर किया संबोधित

पिछड़ा वर्ग की पूर्व चैयरपर्सन निर्मला बैरागी ने संगठन विषय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन हमे जुड़ना सिखाता है हमें सभी कार्यकर्ताओं को अपने व पार्टी के साथ जोड़े रखना है इसके लिए बूथ स्तर पर होने वाले 7कार्यक्रम स्थापना दिवस, बलिदान दिवस, समरसता दिवस,दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती, मंगल सेन जयंती, समर्पण दिवस और मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया।

#### देश को सशक्त बनाने पर दिया जोर

जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने कार्यकर्ताओं से सेवा पखवाड़ा एवं पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कुटुम्भ प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, स्व का भाव व नागरिक कर्तव्य विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाओ और देश को सशक्त बनाने को लेकर आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का प्रस्ताव भी पास किया गया।

## शिव स्तुति पाठ व सुंदरकांड से सेक्टर-8 में गूंजा श्री राम मंदिर

- भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना मांगी मन्नतें



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में रविवार को धार्मिक उल्लास और आस्था का विशेष आयोजन हुआ। मंदिर परिसर में शिव स्तुति पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में राजकुमार अरोड़ा, अनु मदान, सरिता गुप्ता और मृदुल ने पंचामृत स्नान कर भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके बाद फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी और पंडित हरीश आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा-अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम में वीणा सेठ, अनु खट्टर और सुशील मदान ने भक्तिरस भरे भजन प्रस्तुत किए, जिनसे माहौल भावविभोर हो गया। सायंकाल महिला मंडल की ओर से श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, अशोक मदान, वेद दुआ, श्याम डांग, ऊषा बत्रा, आशु डांग, चंद्र बत्रा और सीमा बंसल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति का प्रवाह निरंतर बना रहा।

## दादी प्रकाशमणि के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, 110 यूनिट रक्तदान हुआ

- ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-7 सेवा केंद्र में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर 7 सेवा केंद्र में आदरणीय दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेशनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी प्रेम दीदी ने दादी जी के जीवन व योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संस्था को बीज से वटवृक्ष तक विकसित किया और 140 देशों तक फैलाया। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया जिसमें 110 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम में बीके शिखा, डॉ. एन.के. महानी, रामलाल कटारिया, सुशील शर्मा, डॉ. डी.डी. शर्मा, आर.के. राणा, ललित सरदाना, कृष्ण खन्ना, रामनिवास गर्ग, रमेश कुमार, सुरेश मेहता, जयगोपाल अरोड़ा, राजेंद्र हांडा, सुनीता मदान सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मोहम्मद रफी और किशोर दा के सदाबहार तराने गूंजे

# कर्ण नगरी में सजी संगीत के सितारों की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

कर्ण नगरी रविवार की शाम मोहम्मद रफी और किशोर कुमार जैसे अमर गायकों की मधुर धुनों में डूब गई। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में मनिंद बब्बू कैरोके क्लब द्वारा आयोजित चौथी रफी–किशोर नाइट में स्थानीय कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज़ से ऐसा समां बाँधा कि हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। कार्यक्रम की संयोजक जानी-मानी गायिका मनिंदर बब्बू ने बताया कि इस बार विशेष रूप से करनाल और पानीपत के पचास से अधिक गायक–गायिकाओं को मंच दिया गया, जिन्होंने मायानगरी के कलाकारों को भी टक्कर दे दी। "यह हमारी चौथी संगीतमयी शाम है, जिसमें स्थानीय कलाकारों को ही स्टार बनाया गया है। उनकी मेहनत और हुनर ही इस कार्यक्रम की असली पूँजी है।" मनिंदर बब्बू के सुरों से जब "तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं" गूंजा तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। वहीं विनय छावड़ा, पूनम चौधरी, विजय शर्मा, सुनील कुकरेजा, पुष्पा कालड़ा, अजय जैन, अनिरुद्ध कालड़ा, नरेश दत्त, अंजलि शर्मा, नेहा शर्मा, राकेश तलवार, सीमा सचदेवा, जितेंद्र राजेश, प्रदीप त्यागी, विनोद भाटिया, रंजीता गिल, अमित गिरधर, दिव्यदीप कौर, मंजू सरदाना सहित सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार नग़मे पेश किए। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और दर्शकों ने तालियों व हूटिंग से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। यह शाम रफी और किशोर के स्वर्णिम युग को फिर से जी लेने जैसी रही।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मुख्य अतिथि नवचेतना मंच के चेयरमैन एस.पी. चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर रेनू बाला गुप्ता, पीएनबी के सर्कल हेड जगजीत सिंह, हैल्थ कोच जरनैल सिंह और प्रवीण अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवाईसी अपडेट करने के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहें। साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरिके अपनाकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। साइबर ठग अब केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नागरिक ऐसे कॉल या मैसेज आने पर शांत रहें, कोई जानकारी सांझा न करें। बैंक में जाकर ही केवाईसी कराए। बैंक डिटेल्स, पासवर्ड, ओटीपी या पिन किसी से भी सांझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी

**पानीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और अधिक युवाओं और महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इन दिनों प्रदेश के सभी मंडलों में कार्यकारिणी बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है।

### कांग्रेस ने स्टीकर अभियान चलाया

**पानीपत।** पानीपत के कांग्रेस भवन में वोट चोरी के खिलाफ स्टीकर कैंपेन अभियान चलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, प्रदेश युवा महासचिव प्रियांश मलिक, विपुल शाह, युवा जिलाध्यक्ष ग्रामीण जसबीर जागलान, युवा जिलाध्यक्ष शहरी मनीष मलिक, ग्रामीण हलका अध्यक्ष दीपक मलिक, माधव शर्मा, निशांत छोकर, विनीत खर्ब, सुरभि शर्मा, सलूकश, अमित खर्ब, शौर्यवीर कादियान, सविता संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

### समालखा शहरी मंडल की कार्यकारिणी की बैठक

**समालखा।** समालखा शहरी मंडल की कार्यकारिणी बैठक माता मंदिर हाल में हुई। बैठक में रेखा संजय गोयल, रविंद्र तुषामढ़, पूर्व मेयर अवनीत कौर, विधायक मनमोहन भडाना, जसराज भट्टी, कृष्ण किवाना, पार्षद संजय गोयल, रॉकी वर्मा, नरेंद्र शर्मा, साहब सिंह रंगा, अजय शर्मा, राधेश्याम, कांता जिंदल, जय भगवान, मोहित गोयल, रमेश सैनी, सतबीर गुप्ता, सुभाष कुहाड़, डॉ.मनोहर लाल, प्रेम वर्मा, पार्षद मनीष बेनीवाल, सुरेश झंडा, शीतल नेगी, कुलदीप जांगड़ा, जगबीर आर्य, कृष्ण छौक्कर किवाना, जसराज भाटी अमित रावल, पवन त्यागी, कुलदीप जांगड़ा, राजेंद्र छौक्कर, डॉ.देवेंद्र, रविकांत, जोगिंदर, रामपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### सवामणि कर गाय का पूजन किया

**पानीपत।** राजस्थानी परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में श्री कृष्ण गोशाला में गो माता की सेवा हेतु सवामणि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने मिलकर गो माता की सेवा करते हुए श्रद्धा और भक्ति का भाव प्रकट किया। इस असर पर अमृत वर्मा, कैलाश शर्मा, बलदेव खुराना, लक्ष्मण सैनी, मुकेश शर्मा, नितिन वर्मा, किरण वर्मा, जसमीन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रोहित मुनि महाराज ने प्रवचन किया

**पानीपत।** गुरु सुदर्शन महाराज की राजगृह नगरी राजाखेड़ी में जैन मुनियों रोहित मुनि महाराज, श्रेयांस मुनि महाराज व श्री रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चातुर्मास के अंतर्गत प्रवचन का आयोजन जैन स्थानक में हुआ। रोहित मुनि महाराज ने प्रवचन किया।

### गांव की सुख-समृद्धि के लिए किया हवन

**लाडवा।** ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को खेड़ा बाबा को खुश करने व गांव की सुख-समृद्धि के लिए हवन व भंडारों का आयोजन किया गया। गांववासियों ने अपने-अपने गांव में न केवल खेड़ा बाबा की पूजा-अर्चना की, बल्कि खेड़ा बाबा को दुध दही से नहलाया गया।

## हरियाणा में विपक्ष बेमुद्दा है, मनीषा की मौत पर राजनीति कर रहा है विपक्ष

# कांग्रेस सरकार के राज में होती थी वोटों की चोरीः मुख्यमंत्री सैनी

### राहुल गांधी के आरोप निराधार, मुख्यमंत्री ने भाजपा के वयोवृद्ध नेता रघुवीर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मनीषा की मृत्यु पर विपक्षी दल राजनीति कर रहा है जो कि दुर्भाग्यपूण है। मनीषा के परिवार को न्याय मिले इसके लिए प्रदेश सरकार हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मनीषा हमारी बेटी थी, वहीं मनीषा की मौत के मामले में कई वैज्ञानिक तत्य सामने आए है, कई मामले पारिवारिक भी हो सके है। मनीषा की मौत का केस विपक्षी दलों का यह विषय नहीं होना चाहिए।

प्रदेश सरकार इस मामले में चर्चा को तैयार है और सवाल जवाब प्रदेश सरकार देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ऐसे मुद्दे उठाता है जिस पर जनता भी सवाल खडे करती है। उन्होंने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, राहुल पहले ईवीएम पर सवाल खडे गए, फिर संविधान की प्रतिलिपि लेकर घुमने लगा था, ये दोनों मुद्दे फेल हो गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब वोट चोरी होने की बात कह रहे है। वहीं, भाजपा के राज में वोटिंग प्रणाली पारदर्शी हुई है, जबकि वोटों की चोरी तो कांग्रेस के राज में होती थी। जीते हुए उम्मीदवार को वोट चोरी कर हरवा दिया जाता था।


पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी, दिवंगत रघवीर सैनी के परिजनों से मिलते हुए।

### सीएम ने रघुवीर को श्रद्धांजलि दी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा के वयोवृद्ध नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर सैनी को श्रद्धांजलि दी और परिवार के साथ दुःख सांझा किया। बता दें कि रघुबीर सैनी का नौ अगस्त को स्वर्गवास हो गया था।मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि स्व.रघुबीर सिंह जाने माने अधिवक्ता थे। उन्होंने पूरा जीवन गरीब व शोषित की सेवा की। उनका पूरा जीवन आरएसएस में रहकर राष्ट्र सेवा के लिए बीता। उनके जाने की क्षति परिवार के साथ-साथ संगठन को भी हुई है। मुख्यमंत्री ने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी आत्मा को सद्गति दे।

### ये रहे उपस्थित

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा दुष्यंत भट्ट, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता, सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाला के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, विवेक सैनी, रविंद्र सैनी समेत प्रदेश भर से आए अधिवक्तागण, भाजपा नेता, आरएसएस के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार ने हरियाणा को तरक्की की राह दिखाई : कौर


पानीपत। भाजपा की बैठक में वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करते हुए मेजबान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

समालखा शहरी मंडल की कार्यकारिणी बैठक माता मंदिर हाल में हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने की, मंडल प्रभारी रविंद्र तुषामढ़ पहले सत्र के मुख्य अतिथि थे, दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि अवनीत कौर पूर्व मेयर पानीपत, तीसरे सत्र में विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रतिनिधि जसराज भट्टी थे व चौथे सत्र में कृष्ण किवाना मुख्य अतिथि के रूप ने संगठन के बारे में विस्तार से समझाया। अवनीत कौर ने बताया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को तरक्की की राह दिखाई है। रविंद्र ने शामगढ़ में समालखा शहरी मंडल के रिपोर्ट पर प्रकाश डाला और मंडल ने जितने भी कार्य किए हैं। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक पार्षद संजय गोयल रॉकी वर्मा, नरेंद्र शर्मा, साहब सिंह रंगा, अजय शर्मा, राधेश्याम कांता जिंदल, जय भगवान, मोहित गोयल, रमेश सैनी, सतबीर गुप्ता, सुभाष कुहाड़, डॉ मनोहर लाल, प्रेम वर्मा, पार्षद मनीष बेनीवाल, सुरेश झंडा, शीतल नेगी, सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के संकल्प पत्र पर चर्चा की

- वर्तमान में केवल भाजपा का संगठन ही जनहित में कार्य कर रहा : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

हुडा सेक्टर छह स्थित संत कबीर छात्रावास में भाजपा द्वारा काबड़ी मंडल कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को प्रदेश के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने संबोधित किया। बैठक के दौरान भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मंडलों के सभी पदाधिकारी सरकार की योजनाओं एवं कल्याणकारी नीतियों का अधिक से अधिक प्रचार करें और लगातार जनता के सम्पर्क में रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आमजन के हित के लिए देश व प्रदेश में जो भी फैसले लिए है, उन्होंने इतिहास रचने का कार्य किया है। वर्तमान में केवल भाजपा का संगठन ही जनहित में कार्य कर रहा है। भाजपा की सरकार ने अनेक योजनाओं का लाभ हर गरीब एवं पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया है। मंत्री ढांडा ने कहा कि वर्तमान में हर पात्र युवा को मैरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रहीं हैं। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए भाजपा पदाधिकारीगण।

# जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

राजकीय प्राथमिक पाठशाला वार्ड दस रानी महल के कक्षा बाल वाटिका तीन के प्रतिभावान व जरूरतमंद तीस विद्यार्थियों को सर्व ग्रामीण क्षेत्रीय कार्यालय पानीपत व अन्य सभी शाखाओं के द्वारा स्कूल की वर्दी और स्टेशनरी भेंट की गई। कार्यक्रम का आयोजन कबीर धर्मशाला में किया गया। जहां पर विद्यालय के जेबीटी शिक्षक बोधराज और रामनिवास ने बैंक के सदस्यों का स्वागत किया। विशाल भटनागर ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक बोधराज ने विद्यार्थियों की जरूरत के बारे में अवगत कराया था। जिसके लिए आज विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को वर्दी व स्टेशनरी भेंट की गई। शिक्षक बोधराज ने कहा कि पहले भी बैंक के सदस्यों ने मदद की और भविष्य में भी हमेशा तैयार है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य बोधराज, रामनिवास, मंजू व अनुराधा आदि उपस्थित रहे।


राजकीय स्कूल, रानी महल के विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

# इनर व्हील क्लब ने छात्राओं को पाठ्य सामग्री दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन द्वारा आर्य समाज मंदिर मॉडल टाउन में यज्ञ किया। वहीं, यज्ञ के पश्चात क्लब की सदस्याओं ने गुरुकुल की बच्चियों को किताबें एवं आवश्यक सामग्री वितरित की। क्लब की अध्यक्ष रूपाली चोपड़ा ने कहा कि बच्चियों को शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराना समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मंजरी चड्ढा, ज्योति रहेजा, पिंकी सैनी, तनवी, क्लब संपादिका श्वेता मिगलानी आदि ने कहा कि बेटियों के शिक्षित होने में सहयोग देना समाजहितकारी है। इसके मद्देनजर सामर्थ नागरिकों को बेटियों को शिक्षित करने में हर संभव सहयोग देना चाहिए।


पानीपत। आर्य समाज मंदिर में छात्राओं के साथ अथितिगण। फोटो :हरिभूमि

# श्री रघुनाथ धाम में पुस्तक बैंक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

दशहरा कमेटी द्वारा संचालित हुडा सेक्टर 25 स्थित श्री रघुनाथ धाम में रविवार को अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि आज के समय में दान देने वाला नहीं बल्कि लेने वाला बड़ा है। मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज, पूर्व सांसद संजय भाटिया, समाजसेवी ओपी माटा, एसपी बंसल ने जोत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरे के सुख में संतोष का अनुभव करता है तथा दूसरे को दुख में देखकर अपने आप को दुखी महसूस करता है, उनपर भगवान की कृपा दृष्टि सदैव बरसती है। जिस व्यक्ति को ईश्वर ने सामर्थ प्रदान किया है उसे चाहिए कि वह उसे समाज में लौटाए। प्रधान रमेश माटा ने सभी का धन्यवाद किया। इससे पूर्व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने रघुनाथ धाम में पुस्तक बैंक का उद्घाटन किया। मंच संचालन वेद बांगा एवं कैलाश नारंग ने किया। इस अवसर पर बागेश्वर धाम से रोहित महाराज, सूरज दुरेजा, विरेन्द्र सोनी, तिलक राज छाबड़ा, श्याम सुंदर बतरा, प्रीतम गुलाटी, अशोक नारंग, डा.रमेश चुघ, अंकुश बंसल, कैलाश लूथरा, सागर रेवड़ी, गुरमीत मक्कड़, अमित रामदेव, साहिल वशिष्ठ, किशन वधवा व दिनेश ढींगड़ा आदि उपस्थित थे।



पानीपत। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का स्वागत करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

## जनशक्ति फाउंडेशन ने बच्चों के शिक्षित होने में सहयोग दिया


पानीपत। मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारीगण, विद्यार्थियों के साथ।

**पानीपत।** समाज सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के जीवन में उजाला भरने का कार्य कर रही है। संस्था की पहल के तहत ज्योति कॉलोनी खेड़ा मंदिर के पास 50 से भी अधिक बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क ट्यूशन उपलब्ध कराई जाती है। वहीं इस बार सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री, कमीज और टी शर्ट भी भेंट किए। संस्था का कहना है कि उनकी टीम का उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाना है, ताकि समाज का कोई भी बच्चा पीछे न रह जाए। इस अवसर पर हरदीप राणा, कांता सचदेवा, कृष्ण सरोय, अजय पूनिया, मनीष, गौरव पूनिया, नीलम, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत में दशहरा पर्व का भव्य आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

श्रीराम दशहरा कमेटी की बैठक रविवार को प्रधान भीम सचदेवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी दशहरा उत्सव को सांस्कृतिक रूप एवं समृद्ध तरीके से मनाने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में महासचिव सुभाष गुलाटी ने बताया कि दशहरा महोत्सव दो अक्टूबर को यमुना एनक्लेव के गेट एक के सामने स्थित विशाल मैदान में मनाया जाएगा। वरिष्ठ उप-प्रधान सुभाष बठला ने सुझाव दिया कि नगर निगम से संपर्क कर क्षेत्र के सभी रास्तों की मरम्मत करवाई जाए। प्रवक्ता भूषण मदान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वरिष्ठ उप-प्रधान हरबंस आनंद ने बताया कि रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों के निर्माण के लिए आगरा के प्रसिद्ध कारीगरों को ऑर्डर दे दिया है।


बैठक में राजकुमार जैन, सुनील चोपड़ा, राधेश्याम नासा, रमेश सतीजा, लोकेश झांब, बंटी चुघ, सतीश सुखीजा, सुनील थम्मन, हरीश अरोड़ा, विपिन बजाज, गुलशन शर्मा, यश माटा, मोहिंदर खत्री, लाजपत मल्होत्रा, महिंदर क्वात्रा, कमल आहूजा, संजय धवन, सोमनाथ मदान, चंद्र आर्य, अमर मिगलानी, प्रीतम बत्रा, अशोक कालड़ा आदि उपस्थित रहे।

## कैंप में 374 की आंखें जांचीं

- 18 को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए मधुबन के अर्पणा अस्पताल ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

पानीपत के हथवाला गांव में सैनी सेवा ट्रस्ट, ग्राम पंचायत हथवाला के संयुक्त सहयोग से अर्पणा अस्पताल मधुबन द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ.संतोष सिंह व डॉ.जोगिंदर सिंह ने 374 लोगों की नेत्र जांची, इनमें से 18 को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए मधुबन के अर्पणा अस्पताल ले जाया गया।

जबकि नागरिकों को को चश्में व दवाइयां दी गई। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञों ने भी अपनी सेवाएं दी तथा 122 बुजुर्गों को हॉट बैग दिए गए।

इस अवसर पर नगर निगम पार्षद अशोक कटारिया, रोहतास दाबड़ा, हथवाला की सरपंच कुमारी प्राची, मामन छाछिया, रणधीर चौहान, नवरत्तन पावटी व ट्रस्ट की चेयरपर्सन माया देवी, सैनी ट्रस्ट देहरा के संस्थापक कर्ण सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

## किला पार्क का सौंदर्यकरण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

किला पार्क में सम्पूर्ण हरियाली का संकल्प एक लाख वृक्ष की और वृक्षारोपण महाभियान के कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नौ के पार्षद नवल जिन्दल, वार्ड दस के पार्षद कमल अरोड़ा की अध्यक्षता में रखा गया।

बैठक में राम कुमार सैनी, महेंद्र कंसल, दीवान चावला, संदीप जिंदल, पार्षद रोकी गहलोत, प्रीतम गुर्जर, हिमांशु कटारिया, नवीन मुंजाल आदि उपस्थित रहे। सभी ने किला पार्क का सौंदर्यकरण पर जोर दिया।

## कर्मचारियों व मजदूरों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** हरियाणा सरकार की नीतियों और अधूरी घोषणाओं के विरोध में रविवार को मतलौडा और भालसी दो जगहों पर कर्मचारियों व मजदूरों ने प्रदर्शन किया। अनाज मंडी मतलौडा में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने प्रदेश स्तरीय चेतावनी प्रदर्शन किया, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के भालसी स्थित कार्यालय पर मनरेगा मजदूरों ने सांकेतिक धरना देकर अपनी आवाज उठाई। दोनों ही स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो राज्यव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।

**महोत्सव** घेवर महोत्सव में देश भर के सामाजिक व घुमक्कड़ संगठनों ने भाग लिया

# राष्ट्रीय घेवर महोत्सव में लिया देसी व्यंजनों का लुफ्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत के गांव चमराड़ा स्थित रण राज प्राकृतिक खेती फार्म पर राष्ट्रीय घेवर महोत्सव सीजन थ्री मनाया गया। वहीं, घेवर महोत्सव में 60 से अधिक विभिन्न सामाजिक और घुमक्कड़ संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। स्मरणीय है कि वर्षा ऋतु में घेवर का विशेष महत्व है। इसलिए वर्षा ऋतु में आयोजित होने वाले इस आयोजन का नाम घेवर महोत्सव रखा गया है। वहीं घेवर शुद्ध देशी घी से बनाया जाता है। घेवर महोत्सव में घुमक्कड़ी दिल से, देशी घुमक्कड़, यायावरी, आरोग्य भारती, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) व अन्य कई संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। घुमक्कड़ी दिल से समूह के ट्रस्टी संजय कौशिक व सदस्य रूपेश शर्मा, यायावरी से केएल निम्बल, आरोग्य भारती से डॉ. बलकार सिंह व डॉ. सुनीत बजाज, देशी घुमक्कड़ समूह से प्रदीप धौंचक व रणराज प्राकृतिक फार्म से सुधीर भुक्कर उपस्थित रहे। वहीं, इधर, आरोग्य भारती के पर्यावरण आयाम प्रमुख डॉ. भूपिंदर सिंह, जिला अध्यक्ष सुनीत बजाज, प्रान्त सह सचिव डॉ. बलकार सिंह ने उपस्थित जनों को पर्यावरण सरंक्षण व स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया। रणराज फार्म से सुधीर भुक्कर ने जैविक उत्पादों के महत्व के बारे में व जीडीएस के ट्रस्टी संजय कौशिक ने घुमक्कड़ी के राष्ट्रीय एकता में योगदान विषय पर चर्चा की। वहीं, यायावरी से कश्मीरी निम्बल ने शुद्ध उत्पादों की पहचान के बारे में अवगत कराया। जबकि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री डॉ. नरेश कुमार ने बढ़ती उम्र के साथ खान पान पर नियंत्रण से स्वास्थ्य पर जानकारी दी। देशी घुमक्कड़ से प्रदीप धौंचक ने सामाजिक समरसता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान फार्म पर आरोग्य वाटिका का भी रोपण किया गया। वहीं, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से अनिल यादव, बिहार से सत्येंद्र झा, दिल्ली से कंवल कथूरिया, उत्तराखण्ड से मनु त्यागी, राजस्थान से वीरेंदर शेखावत, प्रीत कादयान, रोहतक से गाजरपाक महोत्सव के आयोजक प्रदीप कौशिक और इनके साथीगणों ने शिरकत की।


पानीपत। राष्ट्रीय घेवर महोत्सव घेवर का लुफ्त लेते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण।

